**कार्यालय प्राचार्य, शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय,**
**बीरगाँव, जिला – रायपुर (छ.ग.)**
Email:- govt.college.birgaon@gmail.com, Website-https://snkp.ac.in Contact No.-0771-2999011

दिनांक 11/09/2025

# //प्रतिवेदन//

## विकसित छत्तीसगढ़ @ 2047

उद्देश्य– छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की 25वीं जंयती के अवसर पर सम्पूर्ण राज्य में रजत जंयती महोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के विकास से अवगत कराना।

आज दिनांक 11 सितंबर 2025 शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय बीरगांव जिला–रायपुर (छ. ग.) में विकसित छत्तीसगढ़ @ 2047 पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।


कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राजगीत से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता हेमचंद यादव, विश्वविद्यालय, दुर्ग छ.ग. की पूर्व कुलपति माननीय डॉ. अरूणा पलटा का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा द्वारा किया गया एवं उनका संक्षिप्त परिचय सुश्री सोनम बंसोड ने दिया।


महाविद्यालय की प्राचार्य ने विकसित छत्तीसगढ़ @ 2047 का लक्ष्य छत्तीसगढ को 2047 तक आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से एक मजबूत और समृद्ध राज्य बनाना है, जो भारत के ''विकसित राष्ट्र'' बनने के दृष्टिकोण के साथ जुड़ा है। यह छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 नामक एक रोड़मैप पर आधारित है, जिसमें कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, पर्यटन, संस्कृति, लाजिस्टिक्स, आईटी, जैविक खेती और शिक्षा जैसे क्षेत्र शामिल है। इन समस्त क्षेत्रों में उन्होनें युवाओं को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने एवं विकसित राष्ट्र विजन प्राप्त करने छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

डॉ. अरुणा पलटा ने विकसित छत्तीसगढ़ @ 2047 विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान पी.पी.टी के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ को @ 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने की आधारभूत बातों और रणनीतियों को सिलसिलेवार बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छत्तीसगढ़ के लिए विकास का मतलब सिर्फ आर्थिक समृद्धि नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक समानता, क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करना और लोगों की भलाई सुनिश्चित करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य में अभी भी पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की कमी है, जिसे दूर करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कुछ प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना होगा, राज्य में कृषि उत्पादों व खनिज का उत्पादन बढ़ाना होगा ताकि बाहर से कम मंगाना पड़े। छत्तीसगढ़ को एक ऐसे स्थान के रूप में विकसित करना जहां लोग चिकित्सा उपचार और पर्यटन दोनों के लिए आएं। कला और संस्कृति पारंपरिक लोक कलाओं और नृत्यों को संरक्षित कर उन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाना। हर्बल उत्पाद (Herbal Products) एवं जंगलों में पाए जाने वाले औषधीय पौधों से बनने वाले उत्पादों का व्यापार बढ़ाना है। इसके अलावा, डॉ. पलटा ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य की जीडीपी को बढ़ाकर 75 लाख करोड़ तक ले जाने और प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि करने का लक्ष्य है।






उनका व्याख्यान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए छत्तीसगढ़ के भविष्य को प्रस्तुत करता है एवं एक प्रेरणादायक और दूरदर्शी संदेश था। उन्होंने अपने व्याख्यान के पश्चात पीपीटी के माध्यम से छात्र–छात्राओं से रोचक प्रश्नोत्तरी कर उन बच्चों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ @ 2047 हेतु सभी को अपने कर्तव्य का पालन कर योगदान हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम एवं मैराथन दौड़ में सम्मिलित स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता कोसरिया सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ. एच. एल. वर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

**संयोजक– डॉ. एच.एल. वर्मा**

सदस्यः– 1. डॉ. आशा रामटेके
2. डॉ. मनोज कुमार शर्मा
3. सुश्री सोनम बनसोड़

(डॉ. प्रीति शर्मा)
प्राचार्य
शहीद नंदकुमार पटेल
शासकीय महाविद्यालय बीरगांव
जिला – रायपुर (छ.ग.)


मुख्य अतिथि
मान. डॉ. अरूणा पल्टा
पूर्व कुलपति, हेमचन्द यादव महाविद्यालय, दुर्ग


Economic Growth:
The vision aims to increase Chhattisgarh's Gross State Domestic Product (GSDP) from 5.09 lakh crore to 75 lakh crore by 2047 which accounts to 15 times.
Emphasis on skill development, employment, entrepreneurship, and innovation to create a future-ready workforce.
Core Focus Areas:
Healthy Chhattisgarh Mission: Prioritizing healthcare access and outcomes.
Manufacturing Mission: Boosting industrial growth and making Chhattisgarh a manufacturing hub.
Other missions include education, infrastructure,
technology development.
Citizen Engagement:
शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय बीरगांव
जिला - रायपुर (छ.ग.)
ज्ञानम् परमम् बलम्


मुख्य अतिथि
मान. डॉ. अरूणा पल्टा
पूर्व कुलपति, हेमचन्द यादव महाविद्यालय, दुर्ग


छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव
बीरगांव, रायपुर (छ.ग.)
छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव
एक दिवसीय संगोष्ठी
विषय :– विकसित छत्तीसगढ़ @2047
मुख्य वक्ता – मान. डॉ. अरूणा पल्टा
(पूर्व कुलपति, हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग)
दिनांक - 11/09/2025




Viksit Chhattisgarh@2047


CHHATTISGARH
DISTRICT MAP
MAHARASHTRA




शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय
बीरगांव, रायपुर (छ.ग.)
छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव
एक दिवसीय संगोष्ठी
विषय :- विकसित छत्तीसगढ़ @2047
मुख्य वक्ता – मान. डॉ. अरुणा पल्टा


शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय
बीरगांव, जिला - रायपुर (छ.ग.)
स्थापना वर्ष
15 जून 2017

